हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 10 अगस्त 2024

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 माता कौशल्या विहार में लाइट की समस्या, सीवरेज...


14 विद्यालयीन गतिविधियों ने छात्र- छात्राओं का बढ़ाया...




श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc.(N)
M.Sc.(N) | P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 9926129192
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

# तांदुला के गेट से पानी का रिसाव बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला मुख्यालय स्थित तांदुला जलाशय के मुख्य गेट में समस्या आने के कारण पानी की निकासी लगातार जारी है, जिसकी मरमत के लिए जल संसाधन विभाग के अधिकारी कर्मचारी जुटे हुए है, लेकिन पानी के लीकेज को बंद नहीं किया गया है।

■ जांच में पहुंची दुर्ग की टीम भी नहीं समझ पायी लिकेज का कारण, स्थानीय टीम ने पकड़ा

मिली जानकारी के अनुसार बीते कुछ दिनों से तांदुला जलाशय के ▶▶ शेष पेज 13 पर

### किसानों का आरोप : रिसोर्ट को डूबने से बचाया जा रहा

किसानों द्वारा संबंधित विभाग पर आरोप लगाया जा रहा है कि तांदुला रिसोर्ट डूबने के कगार पर है, जिसके कारण पानी को फिजूल बहाया जा रहा है और तांदुला रिसोर्ट को डूबने से बचाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं किसानों द्वारा आशंका भी जताई जा रही है कि तांदुला से फिजूल पानी छोड़ा जा रहा है, जिसके कारण आगामी गर्मी के दिनों में पानी की कमी का सामना करना पड़ सकता है। जल संसाधन विभाग कार्यपालन अभियंता पियूष देवांगन ने बताया कि तांदुला रिसोर्ट को बचाने जैसी कोई बात नहीं है। मुख्य केनाल के गेट का रबड़ कट गया है, जिसके कारण पानी का रिसाव हो रहा है, जिसे विभाग द्वारा बनाने का प्रयास किया गया, लेकिन पानी का दबाव ज्यादा होने के कारण पूर्ण रूप से नहीं बन पाया है। हालांकि पानी का लीकेज कम हुआ है जिसे गर्मी के दिनों में पानी कम होने पर रिपेयर करवायी जाएगी।

### जलाशय में 35 फीट पानी का भराव

हालांकि लोगों द्वारा कयास लगायी जा रही थी कि तांदुला जलाशय में ओवरफ्लो का नजारा बहुत जल्द देखने को मिलेगा, लेकिन अब उसके लिए पर्यटकों को और इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि अभी 35 फीट पानी का भराव हुआ है 38.5 फीट में ओवरफ्लो का नजारा देखने को मिलेगा, जिसके लिए 3.50 फीट पानी का भराव होना बाकी है। वहीं जल संसाधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रोजाना 50 क्यूसेक पानी लीकेज के माध्यम से बाहर जा रहा था, जिसे मरमत कर कम किया जा चुका है। हालांकि पूर्ण रूप से पानी का बहाव कम नहीं हुआ है।



## खबर संक्षेप

### जलाभिषेक के लिए कल निकलेगी कांवड़ यात्रा

**बालोद/कलंगपुर।** श्रावण मास पर वटकेश्वर महादेव समिति एवं समस्त ग्रामवासी कलंगपुर के तत्वावधान में 11 अगस्त रविवार को बम-बम भोले के नारे व बाजे गाजे के साथ भव्य कांवड़ यात्रा बस स्टैंड स्थित वटकेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर धार्मिक एवं पावन धाम जय जोगीमठ बाबा मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी, जहां भोलेशंकर के मंदिर में जलाभिषेक किया जायेगा। साथ ही इस दौरान महाप्रसादी का भी वितरण किया जायेगा। उक्त जानकारी समिति के सदस्य खिलावन सिन्हा ने दी।

### आर्किटेक्ट के घर में दिन-दहाड़े चोरी

**भिलाई।** स्मृतिनगर पुलिस चौकी अंतर्गत प्रोफेसर कॉलोनी नेहरूनगर में दिन-दहाड़े.एक आर्किटेक्ट के घर में चोरी हो गई। अज्ञात चोर घर में घुसा और बेडरूम में रखी आलमारी से 500-500 रुपए की दो गड्डी यानी 1 लाख और एक-एक रुपए की एक गड्डी ले भागा। इस प्रकार अज्ञात चोर ने 1.01 लाख रुपए की चोरी की। आर्किटेक्ट अजय पिता अमरेंद्र मित्रा (44 वर्ष) ने स्मृतिनगर पुलिस से मामले की शिकायत की है। उन्होंने कहा कि 6 अगस्त को वह शाम करीब 5 बजे कुछ काम से चौहान टाउन गया थाा, जहां से रात 8 बजे लौटा। आने पर देखा तो घर का गेट खुला हुआ था। अंदर चोरी हो चुकी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी की मदद से आरोपी की तलाश कर रही है।

### रोजगार के लिए 16 अगस्त को कार्यशाला

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन द्वारा रोजगार उपलब्ध कराने प्रयास शुरू किया गया है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा स्वरोजगार स्थापित करने प्रशिक्षण की पूरी जानकारी संस्था द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बैंको से ऋण उपलब्ध कराकर स्वरोजगार हेतु योजना प्रारंभ की गई है। इसी क्रम में जिला उद्योग केन्द्र के सहयोग से 16 अगस्त को एक कार्यशाला का अयोजन किया गया है। इच्छुक बेरोजगार युवक-युवती इसमें शामिल हो सकते हैं। कार्यशाला सुबह 11 बजे शुरू होकर दोपहर 3 बजे तक चलेगीी। कार्यशाला में स्वरोजगार से संबंधित सभी बिन्दुओं की जानकारी दी जाएगी। संगठन के पदाधिकारी एसके केसकर, मेघनाथ यादव ने बताया कि इस बारे में अधिक जानकारी ओए बिल्डिंग प्रगति भवन में ली जा सकती है।

### दूषित खाद्य पदार्थ बेचा तो होगा जुर्माना

**भिलाई।** गुरूवार को भिलाई निगम जोन 1 नेहरू नगर अंतर्गत जलजनित मौसमी बीमारी की रोकथाम हेतु अभियान चलाया गया। जिसमें वार्ड क्रं. 17 आकाश गंगा में साफ-सफाई को लेकर प्रतिष्ठानों में जांच की । होटल एवं आईसक्रीम पार्लर में निरीक्षण के दौरान खादय पदार्थ एवं साफ-सफाई सही नहीं पाए जाने पर कार्यवाही की गई। जिसमें कोलकाता रोल्स, देवांगन डेली निड्स, राज होटल, टी स्टाल एवं नास्ता की दुकानों में निरीक्षण के दौरान खादय पदार्थ बासी पाया गया। बासी व बदबूदार खादय पदार्थो को जप्ती बनाकर उसे नष्ट किया गया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक पाये जाने पर इन प्रतिष्ठानों से 4500 की चालानी कार्यवाही की गई।

## मांग : आंबा कार्यकर्ताओं ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

# बजट में 300 करोड़ की कटौती का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद




जिले के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका संघ ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय में अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से ज्ञापन सौंपा।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि पिछले महीने केन्द्रीय बजट पेश किया गया है, जिसमें पिछले वर्ष की बजट के अनुसार इस वर्ष की बजट में महिला एवं बाल विकास विभाग की बजट में 300 करोड़ की कटौती की गई है। यह गंभीर चिंता का विषय है कि एनडीए 1 और एनडीए 2 सरकारों के पिछले बजट में एसएनपी के लिए बढ़े हुए आबंटन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के वेतन में बढ़ोत्तरी और भवनों के पुनः निर्माण के लिए आवश्यकताओं का भी ध्यान नहीं रखा गया था। सरकार द्वारा घोषित हमारे सामने आने वाली चुनौतियों के अनुसार बुनियादी ढांचे और पोषण संबंधी आवश्यक्ताओं की तो बात ही छोड़ दे। इससे पहले से ही वंचित आंगनबाड़ियों की बुनियादी सेवाओं पर गंभीर असर पड़ने की स्थिति पैदा हो गई है।

■ प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण की गुणवत्ता और भी कम हो गई और कई राज्यों में वेतन के केन्द्र हिस्से की मामूली सी राशि का भुगतान कई मीनों तक नहीं किया जाता है। यह शर्म की बात है कि आपकी सरकार हमें 26 लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को जिन्होंने पिछले पांच दशकों से निःस्वार्थ भाव से काम किया है।

अभी भी कार्यकर्ता के रूप में पहचानने को तैयार नहीं है। अब समय आ गया है कि इन योजनाओं को स्थायी बनाया जाए और 45वीं आईएलसी की सिफारिशों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं सहित योजना कर्मियों को श्रमिक के रूप में मान्यता दी जाए और न्यूनतम वेनत, सामाजिक सुरक्षा और पेंशन का भुगतान किया जाए। यह हर बजट पूर्व परामर्श में केन्द्रीय ट्रेड युनियनों की स्थायी मांग रही है, लेकिन केंद्र सरकार ने सिफारिशों को लागू करने के बजाये आईएलसी की बैठक आयोजित करना बंद कर दिया है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने दो साल पहले फैसला दिया था कि आंगनबाड़ी कर्मचारी ग्रेज्यूटी के हकदार है। भारत सरकार ने अभी तक इसके लिये प्रावधान नहीं किया है। इन परिस्थितियों में हम आंगनबाड़ी ▶▶ शेष पेज 13 पर

### ये हैं प्रमुख मांगें

2018 से केन्द्र सरकार की ओर से मानदेय में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की है। अतः अतिशीघ्र मानदेय में बढ़ोत्तरी किया जाए, पूर्ण बुनियादी ढांचे और अच्छी गुणवत्ता वाले भोजन के साथ आई सीडीएस को मजबूत किया जाए। पर्याप्त संसाधनों के साथ आंगनबाड़ी केन्द्रों को पूर्णकालिक आंगनबाड़ी सहक्रेच के रूप में विकसित किया जाए, आंगनबाड़ियों में प्रारंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा स्कूल पूर्व शिक्षा घटक को मजबूत किया जाए। ईसीसी प्री. स्कूल औपचारिक शिक्षा प्रणाली का हिस्सा नहीं होना चाहिए। ईसीसीई का अधिकार आंगनबाड़ी केन्द्रों को नोडल एजेंसियों के रूप में अधिनियत किया जाए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को ग्रेड 3 और ग्रेड 4 सरकारी कर्मचारियों के रूप में नियमित किया जाए। नियमितीकरण होने तक 45 वें श्रम सम्मेलन की सिफारिश लागू करें। न्यूनतम वेतन 26 हजार रूपये प्रतिमाह, पेंशन 10 हजार रूपये प्रतिमाह पीएफ ईएस आई आदि। देशभर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के लिए एक समान सेवा शर्तें लागू की जाए, योजना कर्मियों के लिए तुरन्त वेतन आयोग का गठन किया जाए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के लोकतांत्रिक और ट्रेड युनियन अधिकारों को मान्यता दी जाए, सभी स्तरों पर द्विपक्षीय प्रणाली विकसित की ▶▶ शेष पेज 13 पर

# बाड़ी में मिला नवजात शिशु ग्रामीणों ने अस्पताल पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ग्राम नेवारीखुर्द में एक किसान के घर पीछे स्थित बाड़ी में एक नवजात शिशु रोती हुई मिली। ग्रामीणों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। ग्रामीणों के अनुसार नवजात बच्ची जो मिली है, वह गुरुवार की रात ही जन्म ली होंगी, क्योंकि बच्ची के नाभी से नारफुल निकला हुआ था।

■ रोने की आवाज सुन आसपास के ग्रामीण पहुंचे बाड़ी में

मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम नेवारीखुर्द में शुक्रवार की सुबह करीब 6 बजे का है। ग्राम नेवारीखुर्द के ग्रामीणों ने बताया कि सुबह करीबन 6 बजे गांव के दुखु राम मंडावी के घर के बाड़ी के पीछे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपने नवजात शिशु जो लड़की है नारफुल सहित जीवित अवस्था में छोड़कर चला गया। जब ग्रामीण दुखु राम मंडावी के बाड़ी में गये तो देखे एक नवजात जीवित शिशु (लड़की) को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा देख रेख न करते हुए बाड़ी में बिना किसी को बताये छोड़ दिए थे। नवजात शिशु को देखने पर 2–3 घंटा पहले जन्म हुआ प्रतीत हो रहा है। स्थिति को



देखते हुए ग्रामीणों की मदद से नवजात शिशु को जिला अस्पताल बालोद में भर्ती कराये हैं, जहां डाक्टर नवजात शिशु का इलाज कर रहे हैं। वहीं इस पूरे मामले में कोतवाली पुलिस की टीम एएसआई धरम भुआर्य सहित अन्य पुलिस घटना स्थल जाकर जांच कर ग्रामीणों से पूछताछ करने के बाद मामले में आगे की जांच जुटी हैं।

### बीएनएस की धारा 93 के तहत मामला दर्ज

कोतवाली पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 93 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। यह धारा कोई भी बच्चा जिसकी उम्र बारह वर्ष से कम होती है जिन्हें उनके माता-पिता या उनके देखभाल करने वाले व्यक्तियों द्वारा बच्चे को पूरी तरह से त्यागने के इरादे से किसी भी स्थान पर छोड़ देने पर उनके खिलाफ यह धारा लगायी जाती है।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

थाना रनचिराई अंतर्गत ग्राम रजोली के एक 48 वर्षीय युवक ने घर में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।



मिली जानकारी के अनुसार उक्त घटना 8 अगस्त गुरुवार की तकरीबन शाम 6 बजे की बताई जा रही है, जहां ईश्वरीय प्रसाद चन्द्राकर ने अपने घर के पटाव के म्यांर में रस्सी की फंदा बनाकर फांसी लगा ली। घटना के समय घर पर उनकी पत्नी मौजूद थी, लेकिन उन्हें घटना की जानकारी नहीं हुई। जब पत्नी कुछ सामान के लिए पटाव में ऊपर चढ़ी तब अपने पति को फांसी में झूलते देख होस उड़ गए। उन्होंने रोते बिलखते पड़ोसियों के यहां दौड़ी और घटना की जानकारी दी, पड़ोसियों के आते तक युवक ने दम तोड़ दिया था। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी रनचिराई पुलिस को दी, तुरंत मौके स्थल पर पहुंच कर पुलिस ने युवक के शव को फंदे से नीचे उतारा और दूसरे दिन शुक्रवार को सुबह शव का पोष्टमार्टम पश्चात परिजनों को सौंप दिया। थाना एवं परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार युवक कुछ दिनों से अस्वस्थ था जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि अस्वस्थता के चलते युवक ने ▶▶ शेष पेज 13 पर

# सिद्धांत संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयनित

**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहंदीपाट के छात्र और ग्राम गोडेला निवासी सिद्धांत साहू का चयन संभाग स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उसका चयन जिला बालोद से अंडर 17 वर्ष से कम उम्र में हुआ है जो मानपुर मोहला जिला में होने वाले संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए 10 अगस्त को सुबह 7 बजे रवाना होगा। इसके साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहुद के छात्र समीर कोसरे का भी चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर माता-पिता लेमिन साहू, भोज साहू, प्रभारी प्राचार्य अर्चना चावरे, भोजेंद्र चंद्राकार, व्यायाम शिक्षक एवं ग्रामीणजनों ने सिद्धांत साहू के उज्जवल भविष्य की कामना की।



# बैठक में मेट संघ ने गिनायी समस्याएं, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला मनरेगा मेट संघ बालोद के तत्वावधान में मेंट संघ का बैठक सरयू प्रसाद स्टेडियम बालोद में सम्पन्न हुई। जिसमें जिला अध्यक्ष द्वारा संघ को गति प्रदान करने पर विचार किया।

कीर्तन देवांगन ने कहा कि संघ के सफल संचालन के लिए मेंट साथियों से आर्थिक सहयोग की अपेक्षा है। बैठक में विभिन्न प्रकार की समस्याएं उभर कर सामने आया जैसे मजदूरी कटौती व मजदूरी भुगतान लंबित, मेंट वाउचर भुगतान लंबित, मेटो को बिना कारण न निकाला जाए तथा मनरेगा कार्य में मेट अनिवार्य हो एवं मेंट साथियों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएं। उक्त मांगों को लेकर जिला मनरेगा मेट संघ के माध्यम से सभी पदाधिकारियों एवं मेंट साथियों ने जिला पंचायत कार्यालय में जाकर मनरेगा प्रकोष्ठ के जिला कार्यक्रम अधिकारी से विस्तृत चर्चा करते हुए समस्या एवं मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने संरक्षक सांवत राम साहू, जिला अध्यक्ष खिलावन साहू, संचालक कीर्तन देवांगन, उपाध्यक्ष तीरथ साहू, जिला सचिव प्रीतम साहू, अध्यक्ष गुण्डरदेही नीता साहू, अध्यक्ष संभाग दुर्ग धनेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष तोमिन मरकाम, खुलाश साहू जरवाय, राजेन्द्र राणा, मोरध्वज, शिशुपाल यादव, मदन साहू, हिरामन, गिरधर सोनवानी, देवेंद्र कुमार सोनकर नांहदा, लता सांथर, तामेश्वरी खरे, रोशनी शर्मा, प्रीति साहू, रेणुका ठाकुर, प्रेमलता बंजारे, तोमिन साहू, कविता चतुर्वेदी, जामवंती विश्वकर्मा, इन्दु पवांर, गनिमा, दीपेश्वरी सिन्हा, कला साहू, शैलेन्द्र कुमार, शेष नारायण रेखा साहू, अंकालू साहू, इतवारी राम एवं अन्य मेट साथी उपस्थित थे।



## संजारी बालोद विधायक संगीता ने किया पौधारोपण

# युवा कांग्रेस ने मनाया स्थापना दिवस, ध्वज फहराकर राष्ट्रगान किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

भारतीय युवा कांग्रेस का 64वां स्थापना दिवस राजीव भवन बालोद पर मनाया गया। इस दौरान संजारी बालोद की विधायक संगीता सिन्हा व युवा कांग्रेस की टीम मौजूद रही। विधायक के साथ युवा कांग्रेसियों ने राष्ट्रीय ध्वज के साथ युवा कांग्रेस के ध्वज का झंडावंदन कर राष्ट्रगान किया और देश को नफरत व महंगाई से बचाने के लिए शपथ ली। इसके साथ ही मिठाई वितरित कर स्थापना दिवस मनाया।

युवा कांग्रेस के नेताओं–कार्यकर्ताओं ने किया झंडावंदन इस मौके पर युवा कांग्रेस के प्रशासनीक महासचिव आदित्य दुबे ने कहा आज ही के दिन हमारे भारत देश में तीन महत्वपूर्ण कार्य हुए थे, जिसमें सबसे पहले तो आज ही के दिन महात्मा गांधी जी ने अंग्रेजों को खदेड़ने के लिए अंग्रेजों भारत छोड़ो का नारा दिया था और आज ही के दिन युवा कांग्रेस की स्थापना भी हुए थी और आज ही के दिन विश्व आदिवासी दिवस के रूप में भी बनाया जाता है। आगे जिला महासचिव अंचल प्रकाश साहू ने यह कहा भारतीय युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस पर युवा कांग्रेस द्वारा भारत को नफरत व महंगाई से बचाने के लिए एवं महिलाओ की रक्षा के साथ देश को अग्रणी राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के लिए हर लड़ाई लड़ने के लिए शपथ ली गई। इस कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष संदीप साहू, विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, महामंत्री रोहित सागर, एनु साहू, मीडिया प्रभारी देवेद्र साहू, नपा उपाध्यक्ष अनिल यादव, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मोहनिश पारकर, वैभव शर्मा, देवेंद्र साहू, फरहान खान, हिमांशु सोनी, प्रवीन साहू, फरांशु कत्याल, वरुण, सुनील मंडावी, सभी युवा कांग्रेस साथी शामिल थे।



### धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में प्रदर्शन

**भिलाई।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने धार्मिक भावनाएं आहत किए जाने का आरोप लगाते हुए सेक्टर-10 स्थित शंकरा स्कूल में प्रदर्शन किया। उन्होंने इस मामले को लेकर प्राचार्य से शिकायत भी की। शिकायत नगर कार्यालय मंत्री हर्षवर्धन लोधी ने की। उन्होंने कहा कि स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाओं द्वारा धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाया जा रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। जानकारी के बाद गुरुवार की दोपहर कार्यकर्ता स्कूल परिसर पहुंचे। उन्होंने जमकर हंगामा किया, नारेबाजी की। स्कूल प्रबंधन ने इस दौरान पुलिस को खबर दी। इसके बाद मामला शांत हुआ। स्कूल प्रबंधन ने मामले में जांच कराए जाने की बात कही है।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

